# 31,000 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

## 60 से 70 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का योगदान देते है : डी. थारा

Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अर्बन चैलेंज फंड के दिशा-निर्देश अंतिम रूप दिए जाने के महज 20 से 25 दिनों के भीतर 31,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है.**

यह जानकारी मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डी. थारा ने उद्योगमंडल फिक्की के नौवें अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इनोवेशन समिट के दौरान यहां मंगलवार को दी. सुश्री थारा ने बताया कि अब तक स्वीकृत परियोजनाओं के वित्तपोषण में 44 प्रतिशत हिस्सा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का है, जबकि 22 प्रतिशत निवेश सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से आ रहा है. इसके अलावा 5 से 7 प्रतिशत धनराशि बॉन्ड्स के जरिए जुटाई जा रही है, जबकि शेष वित्तपोषण वाणिज्यिक बैंकों द्वारा किया जा रहा है. इस अवसर पर हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारत के शहर देश की केवल 3 प्रतिशत भूमि पर बसे होने के बावजूद 60 से 70 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद का योगदान देते हैं. उन्होंने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड सब्सिडी-आधारित योजनाओं से हटकर चुनौती-आधारित मॉडल की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है. इस योजना के तहत वायबिलिटी गैप फंडिंग परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक वहन कर सकती है. इसमें केंद्र और राज्य सरकारें समान रूप से योगदान देंगी, जबकि शेष राशि ऋणदाताओं और निजी निवेशकों से जुटाई जाएगी.

> फिक्की कोर ग्रुप ऑन अर्बन डेवलपमेंट के प्रमुख एवं पैराडाइमआईटी साइबर सिक्योरिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेवीएस रामकृष्ण ने कहा कि वर्ष 2026 शहरी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है. उन्होंने सुझाव दिया कि आर्थिक गतिविधियों की योजना नगर निगमों की सीमाओं के बजाय सिटी इकोनॉमिक रीजन के आधार पर बनाई जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि किसी शहर की सफलता का आकलन निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन, नवाचार को बढ़ावा देनेऔर टिकाऊ आर्थिक मूल्य निर्माण की क्षमता से किया जाना चाहिए.

## डॉलर की कमजोर मांग से रुपया 11 पैसे मजबूत

**मुबई, 22 जुलाई.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग कमजोर रहने से मंगलवार को रुपया 11 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 96.25 रुपये का बोला गया. पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा छह पैसे टूटकर 96.36 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी.


कच्चे तेल में तेजी से रुपया आज शुरू में दबाव में रहा. डॉलर की कमजोर मांग के कारण हालांकि बाद में इसका ग्राफ ऊपर की तरफ गया.

रुपये की शुरुआत छह पैसे की गिरावट के साथ 96.42 रुपये प्रति डॉलर पर हुई और यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा. बीच कारोबार में दोपहर बाद यह 96.13 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ. अंत में 96.25 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ.

# 7.76 लाख चालक और 40.84 लाख ग्राहक जुड़े

## सहकार टैक्सी चरणबद्ध तरीके से भारत टैक्सी का विस्तार कर रहा है

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. भारत टैक्सी सहकार-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है जिसे सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा सहकारी मॉडल के तहत एक पारदर्शी, चालक-स्वामित्व वाली मोबिलिटी सेवा प्रदान करने के लिए प्रचलित किया जा रहा है. इस प्लेटफॉर्म में सारथी (चालक) एप्लिकेशन, यात्री एप्लिकेशन और बैकएंड मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं.**



सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड सारथी (चालक) ऑनबोर्डिंग, ग्राहक रजिस्ट्रेशन, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, प्रशिक्षण और सेवाओं के विस्तार सहित देश भर में प्लेटफॉर्म के चरणबद्ध शुभारंभ का काम कर रहा है. वर्तमान में भारत टैक्सी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और गुजरात के शहरों में चल रही है. इस प्लेटफॉर्म पर 7.76 लाख सारथी (चालक) और 40.84 लाख ग्राहक पंजीकृत किए गए हैं. सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड चरणबद्ध तरीके से भारत टैक्सी का विस्तार कर रहा है. अतिरिक्त शहरों और राज्यों में सेवाओं की शुरुआत प्रचालनात्मक आवश्यकताओं और अनुमोदनों के अध्यधीन है. इसका विस्तार प्रचालनात्मक तत्परता, सारथियों की उपलब्धता, सांविधिक अपेक्षाओं को पूरा करने तथा संबंधित राज्य सरकार, सहकारी संस्थाओं और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय जैसे कारकों पर निर्भर करता है.

> अपनी कार्यान्वयन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड किसी शहर में भारत टैक्सी सेवाओं को शुरू करने से पहले चालक ऑनबोर्डिंग और जन-जागरूकता कार्यकलाप करता है. ऐसे कार्यकलापों में भारत टैक्सी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूचना का प्रसार, राज्य सरकार के संबंधित विभाग और स्थानीय प्राधिकरणों के साथ संपर्क और आवश्यकतानुसार अन्य आउटरीच पहल शामिल होती हैं.

# बंधन बैंक का कारोबार पहली तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, 22 जुलाई. वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बंधन बैंक का कारोबार 11 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया. बंधन बैंक ने मंगलवार को बताया कि कुल जमा राशि में खुदरा जमा का हिस्सा अब लगभग 74 फीसदी है.**

बैंक का कहना है कि वित्त वर्ष 2026-27 में कारोबार में यह बढ़ोतरी बढ़ते वितरण नेटवर्क, बेहतर परिचालन दक्षता और उत्कर्षता की दिशा में निरंतर प्रयास का परिणाम है. पहली तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 502 करोड़ रुपये रहा.

देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में बंधन बैंक के लगभग 6,400 बैंकिंग आउटलेट और 3.2 करोड़ ग्राहक हैं. बैंक में काम करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 74,500 से ज़्यादा है. बैंक के पास जमा राशि तिमाही के दौरान सालाना सात प्रतिशत बढ़कर 1.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया. इसी अवधि में बैंक द्वारा दी गयी कुल उधारी 1.56 लाख करोड़ रुपये पर रही. कुल जमा में चालू खाता और बचत खाता (कासा) का अनुपात 29.4 प्रतिशत रहा.

## तीसरे दिन भी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली, 22 जुलाई.** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच बढ़ते कच्चे तेल की कीमतों के चलते हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ.इस बीच घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्कों में करीब 1 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई. बाजार बंद होने के समय सेंसेक्स 715.06 प्रतिशत या 0.92 प्रतिशत गिरकर 76,755.05 पर पहुंच गया, तो वहीं निफ्टी50 191.45 अंक या 0.79 प्रतिशत गिरकर 23,996.25 पर आ गया. निफ्टी50 इंडेक्स में इंडिगो, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली.

# नये टर्मिनल से परिचालन करेगी एयर इंडिया

**16 विमान सेवा कंपनियों ने परिचालन की घोषणा की**

**एयर इंडिया चुनिंदा विमान कंपनियों के स्टार एलायंस की सदस्य**




**नई दिल्ली, 22 जुलाई. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया वर्ष 2028 से न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर नवनिर्मित टर्मिनल-6 से परिचालन करेगी. एयर इंडिया और टर्मिनल-6 का निर्माण तथा संचालन के चुनी गयी कंपनी जेएफके मिलेनियम पार्टनर्स ने मंगलवार को इसकी घोषणा की. एयर इंडिया चुनिंदा विमान सेवा कंपनियों के संगठन स्टार एलायंस की सदस्य है.**

स्टार एलायंस के दूसरे सदस्य भी टर्मिनल छह से परिचालन करेंगे. अब तक जेएफके के नये टर्मिनल से 16 विमान सेवा कंपनियों ने परिचालन की घोषणा की है. इनमें स्टार एलायंस की एयर कनाडा, ऑल निप्पॉन एयरवेज, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, एवियांका, ब्रुसेल्स एयरलाइंस, लुफ्थांसा, स्विस और टीएपी एयर पुर्तगाल शामिल हैं. इनके अलावा एयर लिंगस, कैथे पैसिफिक, कोंडोर, जेटब्लू, कुवैत एयरवेज, आइसलैंडएयर और नॉर्स अटलांटिक भी टी6 से परिचालन करेंगी. अमेरिका के ही सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर महाराजा लाउंज के उद्घाटन के बाद वह जेएफके के टर्मिनल-6 में भी इसकी शुरुआत करेगी. लगभग 9,100 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह लाउंज सुरक्षा जांच के बाद प्रमुख स्थान पर स्थित होगा जहां यात्रियों को भारतीय आतिथ्य, आराम और विश्वस्तरीय सुविधाओं का अनूठा अनुभव मिलेगा. टर्मिनल-6 दो चरणों में खुलेगा.

# अमेरिका-ईरान तनाव से सोना-चांदी चमके

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई. इसकी वजह मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ना है.**



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का 5 अगस्त 2026 का कॉन्ट्रैक्ट अपनी पिछली क्लोजिंग 1,42,883 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 1,44,852 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला. सुबह 9ः47 पर यह 1,517 रुपए या 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,44,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था. अब तक के कारोबार में सोने ने 1,44,311 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,44,883 रुपए प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर बनाया है और दिखाता है कि खुलने के बाद सोने एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है. चांदी का 4 सितंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,23,779 रुपए प्रति किलो के मुकाबले 2,26,568 रुपए प्रति किलो पर खुला. फिलहाल यह 2,259 रुपए या 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,26,038 रुपए प्रति किलो पर खुला. अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,25,885 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,26,892 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है.

# अमेरिका को दवाओं की आपूर्ति रहेगी जारी : एनालिस्ट

## ट्रंप के नए टैरिफ का भारतीय फार्मा कंपनियों पर सीमित असर

**नई दिल्ली, 22 जुलाई. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जेनेरिक दवाओं पर लगाए गए नए टैरिफ का अमेरिकी बाजार में दवाओं की आपूर्ति करने वाली भारतीय फार्मा कंपनियों पर बहुत कम असर पड़ेगा, क्योंकि ये 2028 से लागू होने वाले हैं. यह जानकारी एनालिस्ट की ओर से बुधवार को दी गई.**



कई भारतीय फार्मा कंपनियों की अमेरिका में सहायक कंपनियां हैं. साथ ही, भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले उत्पादों के ट्रांसफर प्राइस और अमेरिकी बाजार में उनकी अंतिम बिक्री कीमत में काफी अंतर होता है. माना जा रहा है कि टैरिफ उस कीमत पर लगाया जाएगा, जिस पर उत्पाद अमेरिकी बाजार में प्रवेश करता है.

> टैरिफ लागू होने के बाद भी भारत की कम लागत पर उत्पादन करने की यह प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पूरी तरह खत्म नहीं होगी. मनुधाने ने बताया कि यदि अमेरिका में नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित भी किया जाता है, तो उसे तैयार होने में कम से कम दो वर्ष लगेंगे. इसके बाद प्लांट का निरीक्षण और उत्पादों की मंजूरी की प्रक्रिया में भी कम से कम 12 से 15 महीने का समय लगेगा.

# अमेरिका-ईरान तनाव से उछला कच्चा तेल




**नई दिल्ली, 22 जुलाई.** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के चलते वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ उछाल आया है. बुधवार को ब्रेंट क्रूड करीब 92 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जो पिछले पांच सप्ताह का सबसे ऊंचा स्तर है.

बाजार खुलने के बाद ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 0.55 प्रतिशत बढ़कर 91.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84.64 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा. रिपोर्ट लिखे जाने तक ब्रेंट क्रूड लगभग 92.01 डॉलर और डब्ल्यूटीआई करीब 85.21 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था. इस तेजी की बड़ी वजह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य टकराव है.

# आयुष-आधारित चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देना

आयुष मंत्रालय
Ministry of AYUSH

## केंद्र सरकार ने उठाए कदम

**नई दिल्ली, 22 जुलाई.** देश में आयुष आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने एक व्यापक रणनीति अपनाई है. पर्यटन मंत्रालय ने आयुष मंत्रालय सहित अन्य मंत्रालयों के परामर्श से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति और रूपरेखा तैयार की है. भारत को पारंपरिक चिकित्सा और स्वास्थ्य पर्यटन के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने हेतु आयुष आधारित चिकित्सा यात्रा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए गए हैं- आयुष आधारित उपचार की तलाश करने वाले अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की सुविधा के लिए, सरकार ने 27 जुलाई 2023 को आयुष वीजा शुरू किया. वर्तमान में आयुष वीजा (एम-3) और आयुष परिचारक वीजा (एम-4), स्वास्थ्य वीजा के अंतर्गत अलग-अलग उपश्रेणियाँ हैं, जो विदेशी नागरिकों और उनके परिचारकों को भारत में आयुष उपचार प्राप्त करने में सक्षम बनाती हैं.

### कार्यकर्ता पार्टी के कामकाज से असंतुष्ट

शिअद (पुनर सुरजीत) के भीतर पिछले कुछ समय से पार्टी की नीतियों, संगठन की कार्यप्रणाली और भविष्य की रणनीति को लेकर मतभेद चल रहे थे. कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता पार्टी के कामकाज से असंतुष्ट बताए जा रहे थे. झुंदां गुट का आरोप है कि पार्टी अपने मूल उद्देश्यों से भटक गई है और पंथक मुद्दों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दे पा रही थी. इसी कारण अलग गुट बनाने का निर्णय लिया गया. इस टूट से शिअद (पुनर सुरजीत) को बड़ा झटका लगा है. 15 नेताओं के एक साथ अलग होने से पार्टी की संगठनात्मक मजबूती पर असर पड़ सकता है. वहीं, वारिस पंजाब दे के साथ हुए इस गठजोड़ ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब की पंथक राजनीति में नए समीकरण बनने के संकेत दे दिए हैं.

## समाचार विशेष

# 2027 विधानसभा चुनाव का रोडमैप तैयार!

## सपा के पीडीए की काट के लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग और ओबीसी मोर्चा सक्रिय

**लखनऊ. उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण) नरेंद्र कश्यप के लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की रणनीति, पिछड़ा वर्ग के बीच जनसंपर्क अभियान और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजेश वर्मासहित आयोग एवं संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे. प्रारंभ में सभी सदस्यों का परिचय हुआ, जिसके बाद आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श शुरू हुआ.

बैठक के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं का समर्पण है. उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए पिछड़ा वर्ग के बीच लगातार संवाद स्थापित करना होगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा.

> **कई मुद्दों पर विस्तार से हुई चर्चा**
>
> बैठक में आगामी दिनों में प्रदेशभर में चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित करने, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, सामाजिक संवाद और संगठन विस्तार को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई. माना जा रहा है कि भाजपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से संगठनात्मक तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है और पिछड़ा वर्ग के बीच अपनी पकड़ को और मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से काम किया जा रहा है.

# चुनाव से पहले पंथक राजनीति में भूचाल

**चंडीगढ़.** पंजाब की **पंथक राजनीति में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया. शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) में बड़ी टूट हो गई. पार्टी के वरिष्ठ नेता इकबाल सिंह झुंदां समेत 15 नेताओं ने अलग गुट बनाने की घोषणा कर दी.**




इसके साथ ही उन्होंने वारिस पंजाब दे के साथ गठजोड़ का एलान किया. इस घटनाक्रम को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पंथक राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इकबाल सिंह झुंदां ने कहा कि पंजाब और खालसा पंथ मौजूदा समय में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं. ऐसे हालात में मजबूत, निडर और प्रतिबद्ध नेतृत्व की जरूरत है, जो पंथक हितों और पंजाब के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठा सके. उन्होंने दावा किया कि वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह में विभिन्न पंथक संगठनों और विचारधाराओं को एक मंच पर लाने की क्षमता है. इसी सोच के तहत उनके गुट ने वारिस पंजाब दे के साथ मिलकर आगे बढ़ने का फैसला किया है. झुंदां ने कहा कि इस गठजोड़ का उद्देश्य पंजाब और सिख समुदाय से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना, पंथक ताकतों को एकजुट करना और साझा एजेंडे के तहत काम करना है. उनका कहना था कि बिखरी हुई पंथक राजनीति को एक मंच पर लाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी.

## विशेष — एकनाथ और उनके बेटे श्रीकांत शिंदे सबसे बड़े दावेदार हैं

# रोहित पवार की अलग राजनीति

**मुंबई. महाराष्ट्र में मराठा नेता की वैकेंसी बन गई है. शरद पवार की राजनीति का आखिरी अध्याय चल रहा है और अजित पवार का निधन हो गया है. उनकी पत्नी या परिवार का कोई दूसरा सदस्य अभी तुरंत उनकी जगह लेने के योग्य नहीं है. शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की शादी सदानंद सुले से हुई है, जिनकी जाति कायस्थ है.**




सुप्रिया की स्वीकार्यता मराठा राजनीति में नहीं होगी. सो, एकनाथ और उनके बेटे श्रीकांत शिंदे सबसे बड़े दावेदार हैं. लेकिन शरद पवार के पोते रोहित पवार ने शिंदे परिवार के लिए गंभीर चुनौती पेश की है. रोहित इस समय विधायक हैं और प्रदेश की राजनीति में शरद पवार के उत्तराधिकारी के तौर पर देखे जा रहे हैं.

रोहित राजनीति भी इसी अंदाज में कर रहे हैं. वे न तो सुनेत्रा पवार की पार्टी में अपनी पार्टी के विलय के पक्ष में हैं और न एनडीए के साथ जाने के पक्ष में हैं. उन्होंने परिसमीन का विरोध करने का ऐलान किया है. रोहित पवार ने कहा है कि परिसीमन से सीटें भले 50 फीसदी बढ़ जाएंगी लेकिन सरकार को मौका मिल जाएगा कि वह विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों को अपने मनमाफिक आकार दे. इससे विपक्ष को नुकसान होगा.

असल में रोहित पवार अपने दादा शरद पवार की राजनीति को बारीकी से समझ रहे हैं और उनको अंदाजा है कि मराठा, मुस्लिम और दलित मिला कर पश्चिमी महाराष्ट्र व मराठवाड़ा में राजनीति सफल हो सकती है. यह तभी होगा, जब पार्टी भाजपा के साथ जाने की बजाय स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखे. तभी प्रदेश में रोहित पवार की राजनीति पर नजर रखने की जरुरत है.


# कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

## मार्केट विभाग

### आजाद नगर मटन मार्केट

### //तेरहवी निविदा//

क्रमांक: 182/मार्केट विभाग/2026-27 — दिनांक: 20.7.2026

निगम स्वामित्व की नवनिर्मित आजाद नगर मटन मार्केट की रिक्त दुकानों को अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016, संशोधित 2021 व 2023 के प्रावधानो अनुसार प्रवेश अधिकार शुल्क (राईट ऑफ आक्यूपेशन) एवं मासिक किराया की दर पर यथास्थिति मे 30 वर्षो की समयावधि के लिये आवंटित करने हेतु ऑनलाईन तेरहवी ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**1.आजाद नगर मटन मार्केट (प्रथम मंजिल) की दुकाने - कुल रिक्त दुकानों की संख्या 18**
**2.आजाद नगर मटन मार्केट (द्वितीय मंजिल) की दुकाने - कुल रिक्त दुकानों की संख्या 25**

**निविदा दिनांको का विवरण निम्नानुसार :-**

| अनु.क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की आरंभ दिनांक | 21.07.2026 प्रात: 11:30 बजे |
| 2. | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | 12.08.2026 सायं 5:30 बजे |
| 3. | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 13.08.2026 सायं 5:30 बजे |
| 4. | ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक | 14.06.2026 सायं 5:30 बजे |

**नोट :-**

1. निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी एवं क्रय की जा सकती है।
2. उक्त दुकाने केवल मटन/चिकन का व्यवसाय करने हेतु आवंटित की जाना है।
3. उक्त मार्केट के अतिरिक्त आजाद नगर क्षेत्र मे किसी भी व्यक्ति द्वारा खुले मे मांस विक्रय किया जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।
4. निविदादाता को अपने भाव ऑनलाईन देना होगें। सभी डाक्युमेंटस ऑनलाईन अपलोड करना होगा। निविदादाता को ओरिजनल अर्नेस्ट मनी रसीद, पेन नम्बर, शपथ पत्र, निविदा की शर्ते आदि की प्रति स्केनिंग करके आनलाईन अपलोड़ करना होगा ।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सीधे ऑनलाईन प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
6. निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु मार्केट विभाग, नगर पालिक निगम, इन्दौर कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**अपर आयुक्त (मार्केट)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**